आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार– 24.03.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के निर्देश दिए हैं।
- लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने नैनीताल–उधमसिंह नगर से प्रकाश जोशी और हरिद्वार से वीरेंद्र रावत को उम्मीदवार बनाया है।
- प्रदेश में होली की धूम। राज्यपाल और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी।
- केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से गर्मियों में अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के तत्काल एहतियाती उपाय करने को कहा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी

प्रदेश में लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल और शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी कड़ी में आज मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी. वी. आर. सी. पुरुषोत्तम ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी मतदेय स्थलों पर सभी मूलभूत आवश्यकताओं और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुचारू रखने को कहा है। चुनाव के लिए विषम भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत राज्य में 12 पी माइनस थ्री पोलिंग स्टेशन बनाये गये हैं। इन पोलिंग स्टेशनों के लिए पोलिंग पार्टियां जिला मुख्यालय से तीन दिन पहले रवाना कर दी जाएंगी। इसमें 11 पोलिंग स्टेशन उत्तरकाशी और एक पिथौरागढ़ जिले में है। ये वो पोलिंग स्टेशन हैं जो बर्फीले, अति विषम भौगोलिक परिस्थितियों और पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित हैं।

चुनाव उत्तराखण्ड

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने चौथी सूची जारी कर दी है। इस सूची में उत्तराखंड से पार्टी ने दो उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी ने नैनीताल–उधमसिंह नगर से प्रकाश जोशी और हरिद्वार से पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के पुत्र वीरेंद्र रावत को उम्मीदवार बनाया है। इसके साथ ही कांग्रेस ने प्रदेश की सभी पांचों सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है।

यू.आर.पी.ए

उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव के लिए स्थानीय पार्टियों ने मिलकर उत्तराखंड रिजनल पार्टी एलायंस (यू. आर.पी.ए) बनाया है। ये संगठन मिलकर टिहरी लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार बॉबी पंवार को अपना समर्थन दे रहा हैं। गौरतलब है कि बॉबी पंवार बेरोजगार संघ के अध्यक्ष हैं। उन्होंने ही उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में धांधली को लेकर मुख्यमंत्री से जांच की मांग की थी। यू.आर.पी.ए का कहना है कि दिल्ली की पार्टियां उत्तराखंड की समस्याओं को नहीं सुलझा सकतीं। इसके लिए क्षेत्रीय दलों को ही देश की संसद में अपनी बात रखनी होगी।

लोकसभा चुनाव प्रचार

प्रदेश में लोकसभा चुनाव प्रचार जोरों पर हैं। कांग्रेस, भाजपा, उत्तराखंड क्रांति दल और अन्य राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने में जुटे हैं। गढ़वाल सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने आज पौड़ी के बीरोंखाल में जनसंपर्क अभियान किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से कॉंग्रेस पार्टी के घोषणापत्र व गढ़वाल लोकसभा के विकास के विज़न को लेकर चर्चा करी। इसी सीट से भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी ने नरेंद्र नगर विधानसभा के अंतर्गत मुनि की रेती–ढालवाला में आयोजित होली मिलन समारोह में पार्टी कार्यकर्ता के साथ चुनावी रणनीति पर मंथन किया। उधर, अन्य सीटों पर भी राजनीतिक दलों के प्रत्याशी रोड़–शो, जनसंपर्क, जनसभा और घर–घर जाकर अपने प्रत्याशियों के पक्ष में मतदाताओं से मतदान की अपील कर रहे हैं।

नशा मुक्त उत्तराखण्ड

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने युवाओं को नशे से दूर रखने की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को नशे की चपेट से बचाने के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए पुनर्वास केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं और मादक द्रव्य विरोधी दल भी बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार नशे के मुख्य स्रोत पर नजर रखने के लिए सतर्कता भी बढ़ा रही है।

भिक्षावृत्ति जागरूकता

पौड़ी जिले में ऑपरेशन मुक्ति अभियान के तहत भिक्षावृत्ति के खिलाफ आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पौड़ी पुलिस का मानव तस्करी निरोधक दस्ता जिले के कोटद्वार, श्रीनगर और लक्ष्मण झूला क्षेत्र में यह अभियान चला रहा है। कोटद्वार के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस ने आज भिक्षा नहीं, शिक्षा दो कार्यक्रम के तहत देवी मन्दिर में नुक्कड़ नाटक कर लोगों जागरूक किया। इस अवसर पर जिले की अपर पुलिस अधीक्षक जया बलोनी ने कहा कि अभियान के तहत ऐसे बच्चों की पहचान कर अप्रैल माह से उन्हें स्कूलों में दाखिला दिला जायेगा। अब तक जिले भर में 55 बच्चों की पहचान की जा चुकी है।

होली

प्रदेश में होली की धूम है। शहर से लेकर पर्वतीय क्षेत्रों में होली को लेकर बाजार सजे हैं और बड़ी संख्या में लोग होली के कपड़े, खाद्य सामग्री, मिठाई, फल, रंग, पानी के गुब्बारे और पिचकारी की जमकर खरीददारी कर रहे हैं। वहीं, होलिका दहन को लेकर शहर के चौराह और गांवों में लकड़ियों से होली सजाई गई है। आज शाम को होलिका दहन होगा। इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में लोगों के साथ होली मनाई। इस मौके पर उन्होंने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी।

कुमाऊं के अल्मोड़ा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं और पुरुष अलग–अलग टोली बना कर होली गायन कर रहे हैं। रंग चतुर्दशी के दिन आज अल्मोड़ा की प्रसिद्ध मां नंदा देवी मंदिर में सर्वदलीय महिला समिती ने खड़ी होली गायन किया, होली गायन में भारी संख्या में महिलाओं के साथ विदेशी पर्यटक महिलाएं भी शामिल हुई। बागेश्वर जिले में गांव–गांव होल्यारों की टोलियों नाच–गा रही हैं। महिलाएं भी अपनी टोलियों के साथ घर–घर जाकर होली गायन कर रही हैं। जिले के प्रसिद्ध बागनाथ मंदिर, चौक बाजार, कत्यूर बाजार, नुमाइशखेत मैदान में होली का आयोजन किया गया। उधर, चंपावत जिले में भी खड़ी होली की धूम मची हुई है। पारम्परिक वेशभूषा पहन कर होल्यार दल गाँव–गाँव जाकर खड़ी होली का गायन कर रहे हैं।

## जैविक रंग

चम्पावत जिले में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं होली के लिए जैविक रंग तैयार कर रही हैं। पूर्णागिरी स्वयं सहायता समूह से जुड़ी लक्ष्मी जोशी बताती है कि होली पर्व के अवसर पर उनके समूह ने मुल्तानी मिट्टी, अरारोड, मक्के के आटे और बुरांश के फूलों के पाउडर से जैविक रंग तैयार किया है।

## 108 सुविधा

होली के त्योहार को देखते हुए प्रदेश भर में आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा 108 ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा के महाप्रबंधक अनिल शर्मा ने बताया कि होली के दिन 108 को हाई अलर्ट पर रखा गया है। संवेदनशील स्थानों पर तैनात एम्बुलेंस जाम में न फंसे इसके लिए भी व्यापक स्तर पर तकनीकी व्यवस्था की गयी है। देहरादून के साथ ही मैदानी जिलों में एम्बुलेंस में सुरक्षा कर्मी भी तैनात रहें, इसका प्रयास किया जा रहा है ताकि मरीज या उसके तीमारदार को असुविधा न हो और उनको समय से चिकित्सा उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि 108 सेवा के कर्मचारियों की होली के मद्देनज़र अवकाश निरस्त कर दिया गया है। प्रदेश भर में अतिरिक्त 18 बैकअप एम्बुलेंस भी तैनाती की गयी हैं।

## एहतियाती उपाय

स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर गर्मी के महीनों के दौरान अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं से बचाव के लिए तत्काल एहतियाती उपाय करने को कहा है। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि गर्मी के महीनों में तापमान बढ़ने के कारण अस्पताल में आग, बड़ा खतरा बन जाती है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से अनुरोध किया कि वे राज्य स्वास्थ्य विभागों और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को एकसाथ मिलकर काम करने का निर्देश दें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके अधिकार क्षेत्र के सभी मान्यता प्राप्त अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की गई है। इसमें कहा गया है कि अस्पतालों को अग्निशामक यंत्र, हाइड्रेंट और अलार्म जैसे अग्निशमन उपकरणों का नियमित रूप से निरीक्षण करना चाहिए।

## विश्व क्षय रोग

आज विश्व क्षय रोग दिवस है। टीबी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और वैश्विक टीबी महामारी को समाप्त करने के प्रयासों को तेज करने के लिए हर वर्ष 24 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल देशवासियों से भारत को टीबी मुक्त बनाने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने टीबी के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इससे क्षय रोग को नियंत्रित करने की चुनौतियों के बारे में लोग जागरूक हो सकेंगे।

## मौसम

प्रदेश में आज कहीं–कहीं आंशिक रूप से बादल छाए रहे। इस बीच, मौसम विभाग ने आज उत्तरकाशी, चमोली, टिहरी और देहरादून जिलों में आकाशीय बिजली चमकने का येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि अन्य जिलों में मौसम साफ सामान्य रहेगा।